# अब एशिया कप में खेलेंगे हमारे होनहार

## भारतीय हॉकी अंडर-18 टीम में भोपाल के 10 खिलाड़ियों का चयन

खेल प्रतिनिधि

**भोपाल 21 मई. जापान में होने वाले अंडर-18 एशिया कप 2026 के लिए भारतीय पुरुष हॉकी और महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी गई है. दोनों टीमों में मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी, भोपाल के कुल 10 खिलाड़ियों का चयन हुआ है. भोपाल में हाल ही में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली गई अंडर-18 अंतरराष्ट्रीय हॉकी श्रृंखला के बाद इन खिलाड़ियों को भारतीय टीम में जगह मिली है. इससे प्रदेश हॉकी को बड़ी पहचान मिली है.**




भारतीय पुरुष टीम में मध्यप्रदेश अकादमी के छह खिलाड़ियों को मौका मिला है. इनमें गोलकीपर आयुष रजक, डिफेंडर अंश बहुत्रा, करण गौतम, मिडफील्डर अवि माणिकपुरी तथा फॉरवर्ड खिलाड़ी सिद्धार्थ बेन और गाज़ी खान शामिल हैं. वहीं महिला टीम में गोलकीपर महक परिहार, मिडफील्डर स्नेहा दावड़े और नम्मी गीताश्री के साथ फॉरवर्ड नौशीन नाज़ का चयन हुआ है. भोपाल के साई सेंटर में राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान खिलाड़ियों का चयन किया गया. भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 15 से 20 मई तक खेली गई चार मैचों की श्रृंखला में इन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया था.

पुरुष टीम ने एक मुकाबला जीता, एक हारा जबकि दो मैच ड्रॉ रहे. इसी प्रदर्शन के आधार पर एशिया कप के लिए अंतिम टीम तय की गई. पुरुष टीम की कप्तानी केतन कुशवाहा करेंगे. भारत को पूल-ए में जापान, दक्षिण कोरिया, चीनी ताइपे और कजाखस्तान के साथ रखा गया है. भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला 29 मई को कजाखस्तान के खिलाफ खेलेगी. महिला एशिया कप का आयोजन भी 26 मई से 6 जून तक जापान के काकामिगाहारा में होगा.

### टीम का लक्ष्य एशिया कप जीतना

कोच सरदार सिंह ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ खेलने से खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव मिला है. टीम ने पिछले कुछ हफ्तों में अपनी रणनीति, पेनल्टी कॉर्नर और मैच टेंपो पर काफी मेहनत की है. उन्होंने कहा कि टीम का लक्ष्य एशिया कप में अच्छा प्रदर्शन कर खिताब जीतना है. प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने चयनित खिलाड़ियों को दी है.

### भारतीय पुरुष हॉकी टीम

भारतीय टीम में गोलकीपर के रूप में सावन कुमार, आयुष राजक, डिफेंडर में अंश बहुत्रा, अरमान सोरेंग, आशीष तानी पुर्ति, अर्शदीप सिंह, अवि माणिकपुरी और रोहित पाल शामिल हैं. मिडफील्ड में राहुल यादव, प्रेमचंद सोय, वरिंदर सिंह, करण गौतम और सिद्धार्थ बेन को जगह मिली है. वहीं फॉरवर्ड लाइन में कप्तान केतन कुशवाहा के साथ आकाश दीप, गज़ी खान, शाहरुख अली और प्रह्लाद राजभर शामिल हैं.



# शिव-पार्वती का विवाह उत्सव मनाया

**भोपाल, 21 मई. अधिमास के अवसर पर पिपलेश्वर महादेव मंदिर में चल रही शिव महापुराण के पांचवें दिन गुरुवार को भगवान शिव एवं माता पार्वती का विवाह उत्सव मनाया गया. मंदिर परिसर में शिव विवाह की मनोहारी झांकी सजाई गई.**

इस दौरान भजन-कीर्तन एवं मंगल गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया. श्रद्धालुओं ने बाराती बनकर नृत्य किया तथा महिलाओं ने मंगल गीत गाए. मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों एवं विद्युत सज्जा से सजाया गया था.

कथा व्यास आचार्य विवेक महाराज ने शिव कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह त्याग, समर्पण, प्रेम एवं धर्म का प्रतीक है. शिव विवाह हमें यह संदेश देता है कि सच्ची भक्ति और तपस्या से जीवन में हर शुभ फल प्राप्त किया जा सकता है.

उन्होंने कहा कि भगवान शिव अत्यंत सरल और भोले हैं, जो अपने भक्तों की सच्ची श्रद्धा से शीघ्र प्रसन्न होकर उनके कष्टों का निवारण करते हैं. समिति के नरेश मालवीय और प्रकाश मालवीय ने व्यास पीठ की पूजन अर्चन कर भगवान शिव एवं माता पार्वती की आरती की.




# अधर्म और अहंकार का अंत करना ही सच्ची साधना

### हनुमान मंदिर न्यू मार्केट में श्रीराम कथा का दूसरा दिन

**भोपाल, 21 मई. श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर, न्यू मार्केट भोपाल में चल रही संगीतमय श्रीराम कथा के द्वितीय दिवस गुरुवार को भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया. इस दौरान पूरा पंडाल 'जय श्रीराम' के जयघोष से गूंज उठा.**

इस अवसर पर कथा व्यास प्रतिकेश्वर महाराज ने ताड़का वध प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि जीवन में अधर्म, क्रोध और अहंकार रूपी ताड़का का अंत करना ही सच्ची साधना है. उन्होंने धनुष यज्ञ का प्रसंग भी सुनाया, जहाँ भगवान श्रीराम ने शिव धनुष भंग कर माता सीता का वरण किया. इस प्रसंग ने श्रद्धालुओं को यह शिक्षा दी कि सच्चा पुरुषार्थ वही है, जिसमें मर्यादा, विनम्रता और धर्म का पालन हो. कथा व्यास ने समझाया कि क्रोध यदि धर्म और सत्य की रक्षा के लिए हो तो वह भी मर्यादा में रहकर समाज को दिशा देता है. मनुष्य को अपने जीवन में संयम, सेवा, प्रेम और माता-पिता के सम्मान को सर्वोच्च स्थान देना चाहिए. इसी अवसर पर प्रतिकेश्वर ने घोषणा की कि कथा के अंतिम दिवस श्रद्धालुओं को 'श्रीराम जी के पावन पत्थर' वितरित किए जाएंगे. उन्होंने बताया कि इन पत्थरों का चमत्कार तभी फलित होगा, जब श्रद्धालु संपूर्ण श्रद्धा और नियमित रूप से पूरी राम कथा का श्रवण करेंगे.

## भेल में पदोन्नति पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम

बीएचईएल संवाददाता

**भोपाल, 21 मई.** भेल भोपाल द्वारा कर्मचारियों को पदोन्नति प्रक्रिया के लिए तैयार करने तथा नेतृत्व एवं साक्षात्कार कौशल विकसित करने के उद्देश्य से सांस्कृतिक भवन में एक दिनी पूर्व पदोन्नति प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. इसमें कर्मचारियों को संगठनात्मक संरचना, नेतृत्व संबंधी दायित्वों तथा पदोन्नति एवं साक्षात्कार प्रक्रिया में आवश्यक दक्षताओं की जानकारी दी गई. प्रथम सत्र में भेल के समग्र कार्य संचालन, वर्तमान ऑर्डर बुक की स्थिति, विविधीकरण योजनाओं, बोर्ड संरचना, संगठनात्मक ढांचे तथा कंपनी द्वारा संचालित नई पहलों पर प्रस्तुतियां दी गईं. द्वितीय सत्र में प्रतिभागियों को व्यवहार कौशल, व्यक्तित्व प्रस्तुति, बॉडी लैंग्वेज, साक्षात्कार शिष्टाचार,प्रभावी संवाद के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया. कार्यक्रम में आरिफ अहमद सिद्दीकी, अतिरिक्त महाप्रबंधक (एचआरडी), मोहित शाह, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक (सीपीएक्स), प्रतीक श्रीवास्तव, प्रबंधक (सीपीएक्स) तथा तरुण कुमार कौशिक, प्रबंधक (एचआरडी) ने प्रशिक्षण दिया. कार्यक्रम का संचालन उमेश कुमार सावले, प्रबंधक (एचआरडी) ने किया.

# मकान आवंटन में लोकतंत्र सेनानियों को मिलेगा आरक्षण

## हाउसिंग बोर्ड के संचालक मंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय

**भोपाल, 21 मई. एमपी हाउसिंग बोर्ड की संचालक मंडल की बैठक गुरुवार को पर्यावास भवन में हुई. बोर्ड बैठक में मकान आवंटन में दिये जाने वाले आरक्षण को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय हुये. हाउसिंग बोर्ड के मकानों में अभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को 4 फीसदी आरक्षण मिलता है. अब इस आरक्षण में लोकतंत्र सेनानी को भी शामिल किया जायेगा. बोर्ड अध्यक्ष ओम जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार यह निर्णय लिया गया है.**

बैठक से पहले नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष को मंडल की बारीकियों से अवगत कराया और शुभकामनाएं दीं. बोर्ड बैठक में एसीएस संजय दुबे, बोर्ड कमिश्नर गौतम सिंह सहित टीएनसीपी, हूडको, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी शामिल हुये. बैठक की अध्यक्षता बोर्ड चेयरमैन ओम जैन ने की.



बैठक को संबोधित करते हुये अध्यक्ष ओम जैन ने कहा कि नये प्रोजेक्ट लाने के लिए लैंड पूलिंग योजना पर शीघ्र ही काम शुरू किया जाये. लैंड पूलिंग करने से बोर्ड जमीनों को खरीदने में भारी पूंजी लगाने से बच जायेगा. साथ ही किसानों को भी फायदा होगा.

बोर्ड कमिश्नर गौतम सिंह ने भोपाल में बनने वाले सेंट्रल विस्टा और नये कलेक्टर कार्यालय प्रोजेक्ट से संचालक मंडल को विस्तार से अवगत कराया. हाउसिंग बोर्ड पुराने कलेक्टर कार्यालय की जगह नया प्रशासनिक भवन बना रहा है. यहां एक साथ कलेक्ट्रेट, कमिश्नर और आईजी दफ्तर होंगे. री-डेंसिफिकेशन पॉलिसी के तहत 217 करोड़ की लागत यह नया प्रोजेक्ट बनाया जा रहा है.हाउसिंग बोर्ड इसका टेंडर भी जारी कर दिया है.

### आरक्षित वर्ग को देनी होगी समग्र आईडी

हाउसिंग बोर्ड में आरक्षित वर्ग में मकान लेने वालों को अब समग्र आईडी देनी होगी. ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आरक्षण का लाभ दोबारा कोई न ले पाये. नियमानुसार किसी भी आरक्षित श्रेणी में कोई भी व्यक्ति एक बार ही आरक्षण का लाभ लेकर मकान खरीद सकता है.

## भारत भवन में तीन दिनी संतवाणी समारोह आज से

**भोपाल.** भारत भवन में शुक्रवार 22 मई से तीन दिवसीय 'संतवाणी समारोह' का आयोजन शुरू होने जा रहा है. यह समारोह 24 मई तक चलेगा, इसमें भारतीय संत परंपरा, भक्तिकालीन काव्य और सूफी संगीत की प्रस्तुतियां दी जाएंगी, कार्यक्रम का उद्देश्य संत साहित्य और भक्तिपदों की समृद्ध परंपरा को संगीत के माध्यम से श्रोताओं तक पहुंचाना है. समारोह के पहले दिन शुक्रवार शाम 7 बजे पूर्वी सप्रे भक्तिपद गायन प्रस्तुत करेंगी, इसके बाद प्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका कलापिनी कोमकली अपनी खास शैली में संतवाणी की प्रस्तुति देंगी. उनके गायन में कबीर, मीरा, सूरदास और अन्य संत कवियों की रचनाओं की झलक देखने को मिलेगी. तीन दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में देश के कई प्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे.

# राजा भोज पर जारी होंगे डाक टिकट : सांसद

**भोपाल, 21 मई. भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने बताया कि भारत सरकार के संचार मंत्रालय द्वारा महान परमार शासक सम्राट राजा भोज एवं गोंडवाना साम्राज्य की वीरांगना महारानी कमलापति के सम्मान में स्मारक डाक टिकट जारी किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई है.**

उल्लेखनीय है कि राजा भोज और रानी कमलापति के योगदान को चिर स्थाई बनाने और आने वाली पीढ़ी को उनके कार्यों से प्रेरणा मिल सके इसके लिए सांसद शर्मा ने पत्र लिखकर केंद्र सरकार से विशेष स्मारक डाक टिकट उनके नाम पर जारी करने का आग्रह किया था, जिसका स्वीकृति पत्र प्राप्त हो गया है.

उन्होंने कहा कि सम्राट राजा भोज भारतीय इतिहास के ऐसे शासक थे, जिन्होंने शिक्षा, साहित्य, संस्कृति, स्थापत्य, जल प्रबंधन एवं सुशासन के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान दिया. भोपाल का बड़ा तालाब सहित अन्य जल धरोहरें उनकी दूरदर्शी सोच और जनकल्याणकारी कार्य आज भी भारतीय सभ्यता और सांस्कृतिक गौरव के प्रतीक हैं. उनका व्यक्तित्व आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्र निर्माण, विद्या और लोककल्याण के लिए प्रेरित करता रहेगा.

सांसद शर्मा ने कहा कि महारानी कमलापति साहस, त्याग, स्वाभिमान एवं नारी शक्ति की प्रतीक थीं.उनका योगदान प्रदेश की जनजातीय विरासत और सांस्कृतिक चेतना का महत्वपूर्ण अध्याय है.

## निटर में 'भारतीय ज्ञान परंपरा-आनंदशाला' कार्यक्रम

**भोपाल.** निटर में भारतीय ज्ञान परंपरा विभाग, भारतीय शिक्षण मंडल ने 'भारतीय ज्ञान परंपरा-आनंदशाला' कार्यक्रम आयोजित किया. मुख्य अतिथि अखिल भारतीय महामंत्री, भारतीय शिक्षण मंडल डॉ. भरत शरण सिंह ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा के माध्यम से भारत को केवल 'रिफ्रेश' ही नहीं बल्कि 'ट्रांसफॉर्म' होने की जरूरत है. भारतीय शिक्षण मंडल के पंकज नाफड़े ने कहा कि 'शिक्षा' केवल एक भौतिक ढांचा है, जबकि 'विद्या' संस्कारों एवं जीवन मूल्यों का संचार करती है.

### एक नजर में

## ईशमत ने जीता ऑल इंडिया बैडमिंटन खिताब

**भोपाल(खेल प्रतिनिधि).** गोवा में आयोजित योनेक्स सनराइज ऑल इंडिया सब जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के युवा खिलाड़ी ईशमत अरोरा ने अंडर-13 बालक एकल वर्ग का खिताब अपने नाम कर लिया. इस जीत के साथ ईशमत प्रदेश के पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने इस वर्ग में राष्ट्रीय रैंकिंग खिताब जीता है. मध्यप्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के अनुसार पांचवीं वरीयता प्राप्त ईशमत ने फाइनल मुकाबले में उत्तराखंड के यश जोशी को 22-20, 8-21 और 21-19 से हराया. क्वार्टर फाइनल में उन्होंने पहली वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हर्ष दुबे को 21-17, 21-16 से हराया. इसके बाद सेमीफाइनल में पंजाब के रघुवीर अरोड़ा को 24-22, 19-21 और 21-13 से मात देकर फाइनल में जगह बनाई. वर्तमान में ईशमत हैदराबाद की गोपीचंद अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे हैं. मध्यप्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव अनिल चौगुले ने कहा कि करीब 20 साल बाद प्रदेश के किसी खिलाड़ी ने राष्ट्रीय रैंकिंग खिताब जीता है. इस उपलब्धि पर एसोसिएशन के अध्यक्ष गिरीश केंकर, सचिव अनिल चौगुले और अन्य पदाधिकारियों ने ईशमत अरोरा को बधाई दी है.




## सेंट माइकल रेड हाउस, येलो हाउस बने चैंपियन

**भोपाल(खेल प्रतिनिधि).** बाबे अली क्रिकेट स्टेडियम में चल रही सेंट माइकल इंटर हाउस क्रिकेट का रोमांचक मुकाबलों के साथ समापन हुआ. जूनियर वर्ग में येलो हाउस और सीनियर वर्ग में रेड हाउस ने खिताब अपने नाम किया. जूनियर वर्ग का फाइनल सेंट माइकल जूनियर ऑरेंज और जूनियर येलो हाउस के बीच खेला गया. टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए येलो हाउस ने 215 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया. निलंग ने 79 और अदीब ने 58 रन की शानदार पारी खेली, जबकि हुसैन ने 27 रन जोड़. ऑरेंज हाउस की ओर से अक्ष ने 5 विकेट लेकर मुकाबले को रोचक बनाए रखा. 216 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑरेंज हाउस की टीम 195 रन पर सिमट गई. सामी ने 60, रतन ने 38 और हसन ने 25 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके. येलो हाउस ने यह मुकाबला 20 रन से जीत लिया. सीनियर वर्ग के फाइनल में ब्लू हाउस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 157 रन बनाए. आशु ने 39, स्वयं ने 34 और मिजान ने 26 रन का योगदान दिया. रेड हाउस की ओर से ओम और इब्तिदा ने दो-दो विकेट हासिल किए. जवाबी पारी में रेड हाउस ने आखिरी ओवरों में शानदार बल्लेबाजी की. सोहेल ने 74 और अतीत ने 40 रन बनाकर टीम को 3 विकेट से जीत दिलाई. प्रतियोगिता का समापन रणजी खिलाड़ी मुर्तुजा अली, सीनियर खिलाड़ी अब्दुल अकील और सेंट माइकल क्रिकेट अकादमी के ऑनर सैयद अयान शकील ने किया.

# दुर्गा ने जीते 4 पदक, देश में सातवां स्थान

### इंदौर में ओपन पीडब्ल्यूआर 400' पिकलबॉल टूर्नामेंट

खेल प्रतिनिधि

**भोपाल 21 मई. भोपाल की पिकलबॉल खिलाड़ी दुर्गा सुर ने इंदौर में आयोजित 'मध्यप्रदेश ओपन पीडब्ल्यूआर 400' पिकलबॉल टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार पदक अपने नाम किए. यह प्रतियोगिता 15 से 17 मई तक सॉफ्ट सर्व पिकलबॉल कोर्ट, इंदौर में हुई थी.**



इंडियन पिकलबॉल एसोसिएशन और मध्यप्रदेश पिकलबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में हुए इस तीन दिवसीय टूर्नामेंट में देशभर के 150 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया. दुर्गा ने एक स्वर्ण और तीन रजत पदक जीतकर भोपाल और प्रदेश का नाम रोशन किया. दुर्गा ने 30 प्लस महिला डबल्स में असम की मनस्विनी हजारिका के साथ स्वर्ण पदक जीता. वहीं 30 प्लस महिला सिंगल्स, 30 प्लस मिक्स्ड डबल्स और इंटरमीडिएट ओपन महिला सिंगल्स में रजत पदक हासिल किए. मिक्स्ड डबल्स में उनके जोड़ीदार मध्यप्रदेश के अमरदीप सिंह रहे. दुर्गा भोपाल के सलैया स्थित ऐस पिकलबॉल क्लब में प्रशिक्षण ले रही हैं. उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन का फायदा राष्ट्रीय रैंकिंग में भी मिला है.

### क्या है पिकलबॉल

पिकलबॉल एक लोकप्रिय पैडल रैकेट खेल है, जो टेनिस, बैडमिंटन और टेबल टेनिस का मिश्रण है. इसे 2 या 4 खिलाड़ियों द्वारा ठोस पैडल और छेद वाली प्लास्टिक की गेंद से एक छोटे कोर्ट (बैडमिंटन के आकार के) पर खेला जाता है.

चिकित्सा विज्ञान | एम्स भोपाल में हुआ रिसर्च इंटरनेशनल पीडियाट्रिक नेफ्रोलॉजी जर्नल में प्रकाशित

# सिकलसेल पीड़ित बच्चों के हृदय, किडनी को खतरा

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 21 मई. एम्स भोपाल के पीडियाट्रिक्स विभाग ने सिकलसेल रोग से पीड़ित बच्चों पर शोध ( रिसर्च ) किया है, जिसमें यह पाया गया कि इस आनुवांशिक रोग से पीड़ित ऐसे बच्चों के हृदय, नींद और किडनी को जोखिम रहता है.**

यह शोध एमडी छात्रा डॉ. हर्षिता एस. द्वारा डॉ. गिरीश चंद्र भट्ट के मार्गदर्शन में किया गया. इसे इंटरनेशनल पीडियाट्रिक नेफ्रोलॉजी जर्नल में प्रकाशित किया गया. अध्ययन में पाया गया कि कई बच्चों में सामान्य ब्लड प्रेशर होने के बावजूद 24 घंटे की एम्बुलेटरी ब्लड प्रेशर मॉनिटरिंग (एबीपीएम) से छिपी हुई हाईपरटेंशन और रात के समय असामान्य रक्तचाप की पहचान हुई. शोध में ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया (गंभीर नींद संबंधी बीमारी), प्रारंभिक हृदय एवं रक्तवाहिका क्षति तथा किडनी संबंधी समस्याओं की उच्च दर सामने आई. लगभग 71 प्रतिशत बच्चों में प्रारंभिक अंग क्षति के संकेत पाए गए.




अध्ययन में यह भी पाया गया कि प्रोटीन्यूरिया और सिस्टेटिन-सी आधारित किडनी जांच से बच्चों में प्रारंभिक किडनी क्षति की पहचान सामान्य परीक्षणों की तुलना में अधिक प्रभावी तरीके से की जा सकती है.

शोध का विशेष महत्व मध्यप्रदेश जैसे राज्यों के लिए है, जहां विशेषकर जनजातीय आबादी में सिकल सेल रोग से पीड़ित लोग अधिक हैं. वर्तमान में अधिक बच्चे किशोरावस्था और वयस्कता तक जीवित रह रहे हैं, ऐसे में हृदय और किडनी संबंधी बीमारी की समय रहते पहचान आवश्यक हो गई है. यह अध्ययन सिकल सेल रोग से अधिक प्रभावित क्षेत्रों में समय पर जांच और उपचार की दिशा में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करेंगे.



# भोपाली तहजीब, हास्य से जीता दर्शकों का दिल

### रवीन्द्र भवन में नाटक 'खाला कमाल की' का मंचन

निज संवाददाता

**भोपाल,21 मई. रवीन्द्र भवन में गुरुवार शाम वीमेन एजुकेशन एंपावरमेंट सोसायटी ( वीज ) द्वारा चर्चित सामाजिक नाटक 'खाला कमाल की' का मंचन किया गया. अदाकार ग्रुप की इस प्रस्तुति ने भोपाली तहज़ीब, हास्य और संवेदनाओं के सुंदर मेल से दर्शकों का दिल जीत लिया. नाटक भोपाल गैस त्रासदी से प्रभावित उन महिलाओं को समर्पित रहा, जो जरी-जरदोजी कला के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं.**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मप्र वक्फ बोर्ड अध्यक्ष सनवर पटेल थे. विशेष अतिथि वरिष्ठ रंगकर्मी और फिल्म अभिनेता राजीव वर्मा थे . भोपाल संभाग की आयुक्त (आईएएस) अनुभा श्रीवास्तव, मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी की निदेशक नुसरत मेहदी, रवीन्द्र भवन की निदेशक मधु चौधरी और पार्षद प्रियंका अनिल मिश्रा भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं.

नाटक के माध्यम से महिला सशक्तिकरण, आत्मसम्मान और सामाजिक सौहार्द का संदेश बेहद सहज और प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया गया. मंच पर जैसे ही 'खाला' का किरदार सामने आया, पूरा सभागार तालियों और ठहाकों से गूंज उठा. प्रसिद्ध रंगकर्मी स्वास्तिका चक्रवर्ती ने अपने अभिनय से दर्शकों को भावुक भी किया और हंसने पर मजबूर भी किया. उनके संवादों में भोपाली लहजे की मिठास और अपनापन साफ नजर आया. नाटक का निर्देशन फर्रुखशेर खान ने किया, इसकी रचना रफ़ी शब्बीर ने की. करीब 22 कलाकारों ने मंच पर शानदार प्रस्तुति दी.